# Activities organized by the department (2022-23)

- Two days Quiz Competition for m.com and b.com students was organized by Department of commerce on 7 October 2022.
- A Visit to **“Khadi India Gramudyog Mahotsav”**in government college ground hisar was arranged by Department of commerce on 11 February 2023.
- Two days workshop was organized by Department of commerce on the financial education program **“KONA KONA SHIKSHA”** by NISM Faculty members from Hisar On 23.02.2023.

# Quiz Competition

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रिकल व उमेश रहे प्रथम



नभ-छोर न्यूज ⏭ 08 अक्टूबर

हिसार। दयानन्द महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा आज महाविद्यालय के लाईब्रेरी रीडिंग हॉल में एमकॉम के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर रहने के लिए उपयोगी है तथा ऐसी प्रतियोगिताएं समय-समय पर होती रहनी चाहिएं। महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रेनू राठी ने प्रतिभागियों और अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता में रिकल व उमेश ने प्रथम स्थान, कल्पना व सान्या ने द्वितीय स्थान तथा निखिल और नेहा ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजेताओं को प्राचार्य द्वारा नकद पुरस्कार दिया गया।

# दयानन्द महाविद्यालय में 'प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता' का आयोजन

**प्रतियोगिता शिक्षा का अभिन्न अंग है : विक्रमजीत सिंह**



**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 7 अक्टूबर : दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के वाणिज्य विभाग द्वारा आज महाविद्यालय के लाईब्रेरी रीडिंग हॉल में 'प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता शिक्षा का अभिन्न अंग है और इसके माध्यम से विद्यार्थियों के अंदर छिपे ज्ञान और प्रतिभा का पता चलता है जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। महाविद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्षा डॉ. रेनू राठी ने प्रतिभागियों और अतिथियों का स्वागत किया। इस प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों का शानदार प्रदर्शन रहा। इस प्रतियोगिता में साहिल और शुभम ने प्रथम स्थान, उज्जवल और झलक ने द्वितीय स्थान तथा मुस्कान और विवेक ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजेताओं को प्राचार्य द्वारा नगद पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकगण व बहुत से विद्यार्थी उपस्थित रहे।

The department of commerce organized two days Quiz Competition on 7october,and 8 October 2022 in Reading Hall. On 7 October quiz organized for M.Com students. In this competition Rinkal and Umesh of M.Com final stood first and Kalpana and Sanya of M.Com final second and Nikhil and Neha of M.Com final third.

## VISIT TO KHADI GRAMUDYOG MAHOTSAV

- A visit to **KHADI GRAMUDYOG MAHOTSAV** was arranged by department of commerce on 11 february ,2023. A team of 60 members with staff of commerce department visited the fair in government college ground hisar.

# डी. एन. कालेज के विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने किया खादी इंडिया ग्रामोद्योग महोत्स 2023 का भ्रमण




**दैनिक पाठकपक्ष**

**हिसार, 11 फरवरी :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों के 60 सदस्यीय दल ने हिसार के पुराना गवर्नमैंट कॉलेज मैदान में चल रहे खादी इंडिया ग्रामोद्योग महोत्स 2023 का भ्रमण किया। महोत्सव में पहुंचकर विद्यार्थियों ने वहाँ प्रदर्शित खादी के इतिहास व खादी से बनने वाली वस्तुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कुछ विद्यार्थियों ने अपनी आवश्यकतानुसार वस्तुओं की खरीददारी भी की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन करके विद्यार्थियों को स्वदेश वस्तुओं के महत्व से अवगत करवाया गया। इसके लिए विभगाध्यक्ष डॉ. रेनू राठी बधाई के पात्र हैं। इस भ्रमण में प्राध्यापकगण ज्योति बंसल, उषा, रेखा, नरेश व अनिल उपस्थित रहे। यह भ्रमण मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञानवर्धक साबित हुआ।

# खादी के इतिहास से रूबरू हुए विद्यार्थी

नभ-छोर न्यूज ▶▶ 11 फरवरी

हिसार। दयानंद महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों के 60 सदस्यीय दल ने पुराना गवर्नमैंट कॉलेज मैदान में चल रहे खादी इंडिया ग्रामोद्योग महोत्सव का भ्रमण किया। महोत्सव में पहुंचकर विद्यार्थियों ने वहां प्रदर्शित खादी के इतिहास व खादी से बनने वाली वस्तुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कुछ विद्यार्थियों ने अपनी आवश्यकतानुसार वस्तुओं की खरीददारी भी की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन करके विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तुओं के महत्व से अवगत करवाया गया। इसके लिए विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू राठी बधाई के पात्र हैं। इस भ्रमण में प्राध्यापकगण ज्योति बंसल, उषा, रेखा, नरेश व अनिल उपस्थित रहे। यह भ्रमण मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञानवर्धक साबित हुआ।



दैनिक भास्कर

हिसार भास्कर 24-02-2023

# 'कोना-कोना शिक्षा' पर दो दिनी वित्तीय कार्याशाला में बताए गुर

## पूंजी बाजार से शिक्षित होना जरूरी : पूनिया



**सिटी रिपोर्टर** • डीएन कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने गुरुवार को वित्तीय शिक्षा कार्यक्रम 'कोना-कोना शिक्षा' पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें 'एन.आई.एस.एम.' के सदस्य अरूण पूनिया ने विद्यार्थियों को आज के इस आधुनिक युग में वित्तीय शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वित्त से सम्बन्धित सही निर्णय लेने के लिए पूंजी बाजार के बारे में शिक्षित होना आवश्यक है।

कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि कार्यशाला विद्यार्थियों को वित्तीय शिक्षा की जानकारी के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर ढूंढने में मदद करेगी। विभागाध्यक्षा डॉ. रेनू राठी ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों तथा अतिथियों का स्वागत किया। कार्यशाला के दोपहर के सत्र में एन.आई.एस.एम. की वक्ता श्रीमती पदमा ने विद्यार्थियों को विस्तार से कार्यशाला के महत्व को प्रैक्टिकल के माध्यम से समझाया।

# वित्त से सम्बन्धित सही निर्णय लेने के लिए शिक्षित होना जरूरी : पूनिया

नभ-छोर न्यूज ▶▶ 23 फरवरी

हिसार। दयानंद महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा आज वित्तीय शिक्षा कार्यक्रम 'कोना-कोना शिक्षा' पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में एनआईएसएम के सदस्य अरूण पूनिया ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को आज के इस आधुनिक युग में वित्तीय शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वित्त से सम्बन्धित सही निर्णय लेने के लिए पूंजी बाजार के बारे में शिक्षित होना आवश्यक है। कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि कार्यशला विद्यार्थियों को वित्तीय



शिक्षा की जानकारी के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर ढूंढने में मदद करेगी। महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रेनू राठी ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों तथा अतिथियों का स्वागत किया। वक्ता पदमा ने विद्यार्थियों को विस्तार से कार्यशाला के महत्व को प्रैक्टिकल के माध्यम से समझाया।